
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 187 मुरादाबाद 04 November 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक, भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एजेंसियों को डरने की जरूरत नहीं



नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग के %सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवीसी के नए %शिकायत प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे संगठनों (एजेंसियों) को डरने की कोई जरूरत नहीं है। पोर्टल के लॉन्चिग के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सतर्कता सप्ताह सरदार साहब की जन्म जयंती से शुरू हुआ है। साथ ही कहा कि सरदार साहब का पूरा जीवन ईमानदारी, पारदर्शिता और इससे प्रेरित पब्लिक सर्विस के निर्माण के लिए समर्पित रहा है।

### भ्रष्टाचारियों का किया जाता है गौरवगान

केंद्रीय सतर्कता आयोग के कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने देखा है कि जेल की सजा होने और भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरवगान किया जाता है। ईमानदारी का ठेका लेकर घूमने वाले लोग भ्रष्टाचारी के साथ फोटो खिंचवाते हैं। उन्हें शर्म नहीं आती है। ये स्थिति भारतीय समाज के लिए ठीक नहीं है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे संगठनों (एजेंसियों) को

### डरने की कोई जरूरत नहीं है।डिमांड और सप्लाई के गैप को भरने की कर रहे हैं कोशिश

पीएम मोदी ने कहा कि हम बीते आठ सालों से अभाव और दबाव से बनी व्यवस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। डिमांड और सप्लाई के गैप को भरने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही कहा कि इसके लिए हमने तीन रास्ते चुने हैं। एक आधुनिक टेक्नोलॉजी का रास्ता है। दूसरा मूल सुविधाओं के सेचुरेशन का लक्ष्य है। तीसरा आत्मनिर्भता का रास्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुलामी के लंबे कालखंड से हमे भ्रष्टाचार की, शोषण की, संसाधनों पर कंट्रोल की, जो लेगेसी मिली है। उसको दुर्भाग्य से आजादी के बाद और विस्तार मिला है।

### हमारी सरकार ने हर योजना में सेचुरेशन के सिद्धांत को अपनाया

कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना के लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचना, सेचुरेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, समाज में भेदभाव भी समाप्त करता है। यह भ्रष्टाचार की गुंजाइश को भी खत्म कर देता है। हमारी सरकार ने हर योजना में सेचुरेशन के सिद्धांत को अपनाया है।

### पीएम मोदी सर्वश्रेष्ठ निबंध लिखने वाले पांच छात्रों को किया पुरस्कृत

इस दौरान पीएम मोदी नैतिकता और अच्छे व्यवहार पर सचित्र पुस्तिकाओं की एक श्रृंखला का विमोचन भी किया। सार्वजनिक खरीद पर निवारक सतर्कता और विशेष अंक 'IGEYE-VANI' पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संकलन है। प्रधानमंत्री मोदी सीवीसी द्वारा इस विषय पर आयोजित राष्ट्रव्यापी निबंध प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ निबंध लिखने वाले पांच छात्रों को पुरस्कार भी दिया।

### हर साल मनाया जाता है सतर्कता जागरूकता सप्ताह

बता दें कि जीवन के हर क्षेत्र में सत्यनिष्ठा का संदेश फैलाने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए सीवीसी हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाता है। इस साल यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय के साथ मनाया जा रहा है।

## सीएम योगी ने की श्रीराम चरण पादुका की पूजा, रथ को किया रवाना



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीराम चरण पादुका की विधि विधान से की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि रथ यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं साधु संत मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने साधु संतों की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना की। उन्होंने गंगा जल से आचमन कर श्रीराम चरण पादुका पर पुष्प अर्पित कर भगवान श्रीराम से लोक कल्याण की मंगलकामना की। उन्होंने श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना कर श्री राम कर्मभूमि यात्रा का शुभारंभ किया। श्री राम कर्मभूमि यात्रा अयोध्या से बक्सर होते हुए जनकपुर तक जाएगी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी विधि विधान से श्रीराम चरण पादुका की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने नारियल फोड़कर श्रीराम चरण पादुक रथ को रवाना किया। इससे पहले साधु संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवान श्रीराम पर आधारित पुस्तक और गंगा जल भेंट किया।

## योगी कैबिनेट बैठक में औद्योगिक निवेश नीति समेत 22 प्रस्तावों पर मुहर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में कैबिनेट बैठक हुई। इस दौरान कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। माध्यमिक व बेसिक शिक्षा का महानिदेशक अब एक होगा। मंत्री संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से शिक्षा व्यवस्था बेहतर होगी।


### ये हुए 22 अहम फैसले

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाजियाबाद की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में,उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी,फतेहगढ़, फर्रुखाबाद उत्तरप्रदेश की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में,उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम,2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में जेएसएस विश्वविद्यालय, नोएडा की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में,जनपद सिद्धार्थनगर में सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना से संबंधित नहर निर्माण हेतु सिंचाई विभाग की भूमि उपलब्ध कराए जाने के संबंध में,कनहर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहर प्रणालियों के लिए आवश्यक 127.1637 हेक्टेयर वन भूमि के बदले 160.7608 हेक्टेयर गैर वन भूमि के हस्तांतरण के संबंध में,जनपद वाराणसी में प्रस्तावित एकीकृत मंडल स्तरीय कार्यालय निर्माण संबंधी परियोजना हेतु मंडलायुक्त कार्यालय परिसर, वाराणसी ( राजस्व विभाग ) की भूमि को आवास एवं शहर नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निवर्तन पर निशुल्क हस्तांतरित किए जाने के संबंधी राजस्व विभाग के शासनादेश में संशोधन के संबंध में,पुलिस आयुक्त प्रणाली के पुर्नगठन के संबंध में,महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के नियंत्रणाधीन बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त निदेशालय/कार्यालयों के साथ साथ माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन समस्त निदेशालय/कार्यालयों को समेकित करते हुए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा को अधिकार एवं कर्तव्य का प्रतिनिधायन किया जाना,उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति -2021 में संशोधन किए जाने के संबंध में, उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति-2017 के अंतर्गत वाणिज्यिक परिचालन आरंभ करते हेतु अवधि निर्धारण की व्यवस्था को अंगीकृत किया जाना और निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहनों की स्वीकृति/अनुमोदन के संबंध में,,उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2020 में संशोधन किए जाने के संबंध में, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति -2022,पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, वाराणसी,कानपुर में ग्रामीण थाने जोड़े गए, लखनऊ में 6 ग्रामीण थाने,वाराणसी में 12 थाने जोड़े गए, कानपुर के 14 ग्रामीण थाने जोड़े गए

# 140 साल पुराने अनोखे और ऐतिहासिक नदरई के पुल की हकीकत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





एटा- कासगंज- गुजरात के मोरबी में हुए हादसे के बाद यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश की सभी नहरों और नदियों पर बने पुलों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं. इसके बाद आज झ्ठ्ठद्यह्यद्यद्ध1द्ग टीम ने भी कासगंज के ब्रिटिश काल में बने लगभग 140 साल पुराने अनोखे और ऐतिहासिक नदरई के पुल की हकीकत जानी. कासगंज से लगभग 5 किलोमीटर दूर नदरई इलाके में स्थित इस ऐतिहासिक पुल को झाल का पुल भी कहते हैं. यह पुल अपने आप में अनोखा इसलिए है, क्योंकि यहां काली नदी के ऊपर से होकर दो गंग नहर बहती हैं. नदी के ऊपर से दो नहरों के बहने का दृश्य अन्यत्र देखने को नहीं मिलता है. इसके चलते इस ऐतिहासिक पुल को देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं. आसपास के लोगों के लिए तो यह जगह अब पिकनिक स्पॉट जैसी बन गई है. बता दें कि इस नहर का निर्माण ब्रिटिश काल में सन 1870 से लेकर 1883 के बीच में हुआ था. उसी समय इस पुल का भी निर्माण किया गया था.कासगंज के नदरई पुल पर संवाददाता की रिपोट.र्कासगंज के सिंचाई विभाग के एक्सईएन अरुण कुमार की मानें तो इस पुल को बने हुए लगभग 140 वर्ष बीत चुके हैं, जबकि किसी भी नहर अथवा नदी के पुल की मियाद 100 वर्ष की होती है. अगर देखा जाय तो इस पुल की मियाद भी समाप्त हो चुकी है. एक्सईएन अरुण कुमार का कहना है भले ही इसकी मियाद समाप्त हो चुकी है. लेकिन, फिलहाल इस पुल पर अभी कोई खतरा नहीं है और यह पुल पूरी तरह सुरक्षित है.

# चोरी की चोरी ऊपर से पुलिस की सीनाजोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- चोरी की चोरी ऊपर से पुलिस की सीनाजोरी एटा (कोतवाली देहात पुलिस पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप एसएसपी से मिलकर सुनाई अपनी बता एसएसपी एटा ने दिया जांच का आश्वासन एटा जनपद के थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत ग्राम वार्थर निवासी प्रीति पत्नी पवन कुमार अनुसूचित जनजाति ने एक प्रार्थना पत्र एसएसपी एटा को देकर अवगत कराया है कि दिनांक 27 अक्टूबर को उसके यहां देवी जागरण था और 28 की सुबह 4=00 बजे उसके गांव का जितेंद्र पुत्र राजेंद्र एक अन्य पप्पू पुत्र ना मालूम ने उसके घर की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए जिसे चोरी करते उस महिला ने देखा तथा इसकी सूचना पुलिस को 112 नंबर डायल पर की घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और दोनों अभियुक्तों को मय माल के गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले गई यहां महिला की लिखित तहरीर पर अपराध संख्या 358 बटा 22 अंतर्गत धारा 380 आईपीसी के तहत दर्ज कर लिया महिला का आरोप है कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों से साठ गांठ कर उन्हें छोड़ दिया तथा माल बरामद अपने पास रख लिया माल वापसी के लिए अगले सुबह महिला को थाने बुलाया गया और दिनभर बैठाए रखा और रात्रि के 11=00 बजे क्राइम इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार तथा सिपाही लोकेंद्र ने उसके साथ अश्लीललबाते की और अपने कमरे में बुलाया तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कहा कि ?50000 का इंतजाम कर लो तुम्हारा बरामद माल हमारे पास है तभी तुम्हें दिया जाएगा एसएसपी एटा को दिए गए प्रार्थना पत्र में एक महिला ने पुलिस वालों पर और संगीन आरोप लगाए हैं एसएसपी एटा ने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित उच्च अधिकारियों को जांच के आदेश दिए हैं अब देखना यह है उस महिला का थाना कोतवाली देहात पुलिस माल वापस करती है और उसे न्याय मिलता है या नहीं

# प्रधानाचार्या निगहत परवीन के निधन के बाद आज एटा नगर में जगह जगह उनको श्रद्धांजलि अर्पित की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा की प्रमुख समाजसेविका और चंदा स्वामी विद्यालय की प्रधानाचार्या निगहत परवीन के निधन के बाद आज एटा नगर में जगह जगह उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई, लालपुर स्थित अगापे स्कूल में उनके लिए जहां हवन कार्यक्रम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक और नगर पालिका परिषद एटा के पूर्व अध्यक्ष राकेश गांधी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीरा गांधी , जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव, पत्रकार अकरम खान, सभासद मोहम्मद वारिस, वरिष्ठ पत्रकार राज बहादुर उपाध्याय, परवेज़ मलिक, राजन यादव, सहित तमाम लोगों ने हवन कुंड में आहुति देकर स्वर्गीय निगहत परवीन को दुखी मन से याद किया, अध्यक्ष राकेश गांधी, अकरम खान पत्रकार, राजबहादुर उपाध्याय पत्रकार, दिनेश यादव, शिवकुमार पाठक, रसूल अहमद खान, तस्लीम खान सहित तमाम लोगों ने फातेहा में भाग लिया, इसके बाद सभी बच्चों को भोजन कराया गया

# कई साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राज्यसभा की पूर्व सांसद श्रीमती सत्या बहन के गांधी मार्केट कैंप कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री विकास गौतम ने अपने कई साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर दिनेश कुमार रामानंद सागर अर्पित कुमार ब्रह्मानंद सागर आकाश कुमार अनवर भाई सचिन गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे

# पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष को वित्त एवं लेखा अधिकारी राम सेवक ने बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ से पूर्व वित्त एवं लेखाधिकारी राम सेवक ने पदाधिकारियों से कहा कि यदि उनको कोई समस्या है तो उनको बताने के लिए वह मिल सकते हैं। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक, शिक्षा एवं शिक्षार्थी हित में हर समय तत्पर रहना है। इस अवसर पर महामंत्री राजीव वर्मा, वीरेश यादव, डा. विनय गुप्ता,पुष्पेन्द चौहान,जयराम सिंह, अरविंद यादव, बबिता गुप्ता, सुशील यादव, ज्ञानेंद्र यादव, संदीप यादव, मनोज शाक्य, धर्वेन्द्र यादव, कृष्ण गोपाल, धर्मेंद्र प्रताप, अनार सिंह, ललित उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल एटा में रक्तदान किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के नेतृत्व में 30 अक्टूबर 1990 को श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की प्रथम कार्यसेवा पर तत्कालीन जिहादी मानसिकता की सरकार द्वारा 2 नवंबर 1990 को निहत्थे कारसेवकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था जिसमें सैकड़ों रामभक्त कारसेवक हुतात्मा हुए थे। लाखों लाख राम भक्त युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत श्रीराम मन्दिर आन्दोलन में महान भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों का बलिदान देकर आंदोलन को एक नई दिशा देने वाले 'कोठारी बन्धुओं' स्व0 श्री राम कोठारी जी एवं स्व0 श्री शरद कोठरी जी हुतात्माओ को बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।जिसकी स्मृति में हर वर्ष बजरंग दल हुतात्मा दिवस के रूप में रक्तदान का कार्यक्रम करता है। इसी निमित्त आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जनपद एटा के कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल एटा में रक्तदान किया। कार्यक्रम का सुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.राजेश कुमार अग्रवाल जिला एटा द्वारा किया गया। जिला मंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ, सहमंत्री शिवांग गुप्ता, नगर मंत्री सौरभ सोलंकी, सत्यपाल सिंह, चंद्र किशोर आदि द्वारा रक्तदान किया गया अयोजन में मोहित गुप्ता विभाग संयोजक

# सहायक उपनिरीक्षक ने जनता को जागरूक किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद/धामपुर - सहायक उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने गेट नम्बर 455 पर लोगों को यात्रा करते हुए और रेलवे ट्रैक को पार करते हुए अहतियात और सावधानी बरतने की हिदायत और नसीहत की जितेन्द्र सिंह जी कहा कि इंसान का जीवन अनमोल है अत: हमें अपने जीवन की कद और अहमियत समझनी चाहिए जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मगर चिंता की बात यह है कि लोगों को इसका एहसास नहीं है और यही वजह है कि आये दिन हम लोग हादसों और दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं और सबसे ज्यादा ज्यादा नौजवान इन दुर्घटनाओं में बेवक्त अपनी जानें गंवाने को मजबूर हैं और जिसके लिए वो स्वयं जिम्मेदार और दोषी है क्योंकि वो यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सफ़र करने वाले लोगों को रेलवे ट्रैक पार करते हुए भी सावधानी से काम लेना चाहिए और जब वो रेलवे ट्रैक पार कर रहे हो तो दोनों साइडों में देख लें कि कहीं कोई गाड़ी निकट तो नहीं है जितेन्द्र सिंह ने कहा कि रेलवे फाटक बंद होने के पश्चात भी लोग अपनी गाड़ियों को निकालने का प्रयास और जुगाड़ करते हैं जो ना सिर्फ ग़लत है बल्कि रेलवे के नियमों के विरुद्ध भी है जितेन्द्र सिंह ने कहा कि जो भी व्यक्ति रेलवे ट्रैक को ग़लत तरीके और नियमों के विरुद्ध जा कर पार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध रेलवे नियमों के अनुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी

दैनिक अख़बार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# धनीपुर जीटी रोड पर सरकारी स्कूल के सामने करोड़ों की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- धनीपुर जीटी रोड के किनारे सरकारी स्कूल के सामने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कई वर्षों से हो रहा है इसकी शिकायत मौखिक रूप से अधिकारियों से की गई है नगर निगम जिला पंचायत दोनों विभागों से जुड़ी हुई जमीन है इस पर भू माफिया महावीर सिंह कुशवाह का कब्जा है कोई कागज नहीं कोई बैनामा नहीं कुछ नहीं यह जमीन पर कब्जा कैसे किया गया इस पर मकान बनवा रहा है अंदर अंदर मिस्त्री लगे हुए हैं बेलदार लगे हुए बाहर से ताला लगा रहता है अंदर क्या हो रहा है कुछ पता नहीं चल रहा है अधिकारियों को इस समस्या के बारे में पूरी जानकारी है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसकी शिकायत डीएम कमिश्नर एवं जिला पंचायत नगर निगम से भी की जाएगी उन्होंने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री जी को भी भेजी जाएगी करीब करोड़ों की भूमि पर अवैध कब्जा है जिलाधिकारी कमिश्नर इसकी जांच कराएं और इसे बैनामा जब्त कराएं इस पर कौन सा सबूत है ऐसा जो यह कब्जा किए हुए हैं इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और इस पर बुलडोजर चलाया जाए

# मारपीट के दोषियों को 24 साल बाद एक-एक हजार की सजा

लवकुश ठाकुर- दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-महानगर के सिविल लाइंस इलाके में टेलर संग 1998 में हुई मारपीट के दोषियों को एक-एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला एडीजे विशेष एससीएसटी संजीव कुमार सिंह की अदालत से सुनाया गया है। 24 वर्ष पुराने इस मुकदमे में दो आरोपियों की ट्रायल के दौरान मौत हो चुकी है। अभियोजन अधिवक्ता ए डीजीसी चमन प्रकाश शर्मा के अनुसार घटना तीन अक्तूबर 1998 की है। सिविल लाइंस के अनुसूचित जाति के टेलर कुंवरपाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक दिन पहले जवां हैवतपुर के जय सिंह से कपड़े की सिलाई को लेकर विवाद हो गया था। इस पर जय सिंह उसे देख लेने की धमकी देकर चले गए थे। अगले दिन जय सिंह अपने गांव के यशपाल सिंह, भूदेव, रूपकिशोर व ख्यालीराम ने आकर मारपीट की। बचाने आई पत्नी को भी पीटा। पुलिस ने थाना स्तर पर सुनवाई के बजाय उल्टा कुंवरपाल को ही शांति भंग में पाबंद कर दिया। बाद में 14 दिसंबर 1998 को कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में पांचों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की। दौरान-ए-सत्र परीक्षण जय सिंह व भूदेव की मौत हो गई। अब साक्ष्यों व गवाही के आधार पर अदालत ने शेष तीन आरोपी यशपाल, रूपकिशोर व ख्यालीराम को एकराय होकर मारपीट का दोषी करार देते हुए एक एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# रंजिश के चलते दबंगों ने चोरी किया ट्राली का हुक




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर- पुरानी रंजिश के चलते क्षेत्र के गांव इटौआ में दबंगों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जिससे आहत होकर पीड़ित ने थानाप्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है क्षेत्र के गांव इटौआ निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के बाहर पीड़ित का घूरा पड़ता है, उसी घूरें पर ट्राली खड़ी रहती है जिससे पड़ोस में ही रहने वाले उक्त लोग पुरानी रंजिश मानते हुए ट्राली खड़ी करने से मना किया जब पीड़ित ने कहा कि हम तुम्हारी जगह में ट्राली खड़ी नहीं कर रहे हैं जिस पर गुस्साए लोगों ने ट्राली का हुक चोरी करके बेंच दिया जब पीड़ित ने ट्राली के पास जाकर देखा तो ट्राली का हुक गायब था साथ ही जब उन्ही लोगों से जानकारी करनी चाही तो उक्त लोग वहां से भाग खड़े हुए तभी पीड़ित को शक हो गया सुबह पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है

## रस्सी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर- थाना क्षेत्र के गांव रुजहाँ कलाँ निवासी बालकराम का पुत्र गुड्डू बीती शाम घर से बिना बताए कहीं चला गया था रात भर घर वापस न लौटने पर परिजन उसे काफी तलाश करते रहे लेकिन उसका कहीं पता न चल सका गुरुवार की सुबह गांव सिल्हुआ की ओर जाने वाली सड़क पर बने कोल्ड स्टोर के सामने कच्चे रास्ते पर एक खेत में एक पेड़ में युवक का शव लटकता मिला जिसे देख परिजनों ने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## सफाई कर्मियों का सीएमएस आफिस पर कूड़ा डालकर प्रदर्शन,पुलिस की मौजूदगी में खुला ताला

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ में सफाई कर्मचारियों द्वारा मोहनलाल गौतम महिला अस्?पताल में सीएमएस द्वारा कूड़ा डालने एवं प्रर्दशन करने के मामले को पुलिस एवं प्रशानिक अफसरों ने गंभीरता से लिया है। एसीएम मौके पर पहुंच गए और कार्यालय परिसर में कूड़ा देखकर नाराज हो गए। पुलिस की मौजूदगी में सीएमएस आफिस का ताला खोल दिया गया। यह है मामला- अलीगढ़ शहर में मौजूद मोहनलाल गौतम महिला अस्पताल में ग्यारह सफाई कर्मचारियों को हटा दिया गया था। इसके विरोध में सफाई कर्मचारियों ने सीएमएस आफिस में ताला लगाकर बाहर कूड़ा डालकर प्रदर्शन किया। पुलिस की मौजूदगी में सीएमएस आफिस का ताला खोल दिया गया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Ideology and public opinion


While the activism of many ideologies in the world seems natural at the same time, it also expands political thought. Talking about the last fortnight itself, we have seen the complete dominance of the conservative left in China and after that now the socialist-left ideology has come forward in a fierce struggle in Brazil. However, the most recent case is of Israel, where the right wing seems to be making a comeback. The rise of former Israeli prime minister Benjamin Netanyahu's conservative Likud party appears to have eroded people's confidence in the relatively liberals there. Israel's concern is of another kind as well. There were elections for the fifth time in three years. There people are waiting for a stable government, but people are very divided in terms of their wishes and mandate. In this fundamentally Jewish country, the inclination of the people towards the right has increased, but it has not increased enough to hand over the entire power to it.

In Brazil, Lula da Silva has returned to power after a hiatus. He returned to power after a decade and three years after the corruption charges were dismissed. Lula has spent more than a year in prison. He also named leaders like Mahatma Gandhi and Nelson Mandela during the election, who were jailed during their time. Lula's return to power in Brazil, the most populous and largest country in Latin America, is being seen as a victory for environmental protection and social justice. Right-wing Jair Bolsonaro has been voted out of power in Brazil and is now in danger of going to jail. His campaign was also going on with the redundancy that two wins or jail and death is certain. People have defeated him, but by a very small margin. Lula got 50.9 percent and Bolsonaro got 49.1 percent of the vote. The challenges are no less for Lula. Will he forget how the previous government treated him? The question is also what lesson will Bolsonaro or the right wing learn from such a defeat?

What such indications are emerging from these election results? Where is the original problem? Actually, the most effective measure is public service. Wherever people are facing trouble, they are changing power there. The leaders or those in power should understand very well that it is most important to meet the expectations of the people. If democracy is to be saved, then sixteen annas of democracy have to be respected. People have not forgotten, Donald Trump was not ready to accept his electoral defeat in America, the world's oldest democracy, Bolsonaro is finding it very difficult to digest defeat in Brazil. Actually, whatever be the ideology, the mandate has to be respected. It has to be understood that people do not care more than ideology, they care about development and their own betterment. People of democratic countries should also show maturity. People's interaction with each other is decreasing, perhaps that is why in most places people are not able to reach any one vote or consensus or clear majority. Today, instead of being a staunch supporter of any political organization in the world, it has become more important to be a conscious benefactor of our country and society.


# Adult star did such a post on Shahrukh Khan's birthday, seeing the actor will also be shocked!

Today is the 58th birthday of the Shahenshah of Bollywood, Shahrukh Khan. Many celebs have congratulated him on this special day. However, one congratulation that is making the most of the headlines is that of adult star Kendra Lust. Actually, Kendra posted on social media on the birthday of the actor. His style of congratulation is quite different. Actually, he shared the poster of Shahrukh's film Pathan with a different twist and along with that congratulated him on his birthday. Actually, Shahrukh Khan is seen holding a gun in the poster. On the other hand, Kendra has edited this photo and put a photo of herself with Shahrukh in which she is also holding a gun. Sharing the photo, Kendra wrote, Happy Birthday King SRK. Along with this, Kendra has posted a heart emoji. This post of Kendra is going viral on social media. At the same time, Shahrukh's fans are commenting a lot on this post of his. Somebody is saying that Shahrukh Khan's glory is everywhere. So there someone is saying that there is a brother's glory. Let us tell you that to congratulate Shahrukh, his fans have been standing outside Mannat since last evening. Everyone came to congratulate him in their own style. Shahrukh came to the balcony of his house with AbRam last night and met the fans. Not only this, on Wednesday also, Shahrukh again came to the balcony and met the fans. Not only this, he himself also clicked the photo with the fans from the balcony and shared it on social media. Sharing the photo, Shahrukh wrote, How nice it feels to be near the sea... an ocean full of love that got me love from the fans on my birthday. Thank you... for making me feel so special. Pathan's Teaser - Today on Shahrukh's birthday, the teaser of Shahrukh's film Pathan has been released. Fans have been waiting for this teaser for a long time. He had already announced that Pathan's teaser should be released on the actor's birthday. Fans were very happy after the release of the teaser. Everyone liked the teaser very much. However, after some time after the release of the teaser, negative comments also started coming about it. Deepika Padukone and John Abraham are in the lead role with Shahrukh in Pathan. Rest of the films - After Pathan, Shahrukh will now be seen in the film Jawan and Dunki. Atlee is directing the jawan and in this Nayantara is in the lead role with him. At the same time, Taapsee Pannu is in the lead role with Shahrukh in Dunki, which is being directed by Rajkumar Hirani.



# Jhanvi Kapoor did belly dance, Madhuri was impressed after seeing the moves

Mumbai Bollywood actress Janhvi Kapoor is busy promoting her upcoming film 'Mili' these days. Jhanvi reached the stage of dance reality show Jhalak Dikhhla Jaa 10 to promote the film, a video of which Colors TV has shared on its Instagram. In this video, Jhanvi was seen doing belly dance on the song 'Nadiyon Paar'. During this, Madhuri Dixit, the judge of the show, was quite impressed after seeing her belly moves. 'Mili' is the official Hindi remake of the 2019 Malayalam film 'Helen', directed by Muthukutty Xavier, the director of the original film. The screenplay of Mili is written by Ritesh Shah. Janhvi Kapoor's father Boney Kapoor is the producer of this film. The film will be released in theaters on 04 November.



# श्री राम कथा के दूसरे दिन सती चरित्र का वर्णन, कथा श्रवण के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बबुरी-जहां पति का अपमान हो वहां पत्नी को नहीं जाना चाहिए - मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी ,स्थानीय क्षेत्र के बौरी ग्राम सभा में मानस प्रचार सेवा समिति द्वारा तैंतिसवें वर्ष में चल रही सरस संगीतमयी श्री राम कथा के दूसरे दिन रात्रि कालीन वेला में क्षेत्र की बबुरी ग्राम सभा से पधारी श्री राम कथा मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी ने शिव चरित्र का सुन्दर वर्णन किया। उन्होंने मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत होने की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जहां पति का अपमान हो वहां पत्नी को नहीं जाना चाहिए, नहीं तो उसका परिणाम अच्छा नहीं होता। मां सती ने पति शिव की बात नहीं मानी। नतीजा यह हुआ कि न तो घर की हुईं और न घाट की। कहा कि पति का अपमान सुनना और करना पत्नी के लिए सबसे बड़ा पाप होता है। श्री राम कथा में मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी ने श्रोताओं को सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। जिसमें उसने भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था। भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा।वही रात करीब 10-00 बजे कथा विश्राम के बाद अंजनी कुमार चौबे, राजन कुमार गुप्ता, रामजनम यादव, हरिलाल साहू सहित आदि लोगों ने आरती उतारी। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह ,हरिवंश सिंह पटेल, राजाराम ,सहित मानस प्रचार सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विद्युत चोरी रोकने हेतु उठायें कारगर कदम जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं का शत-प्रतिशत बिलिंग आर0सी0 की वसूली,राजस्व वसूली में प्रगति,विद्युत चोरी एवं अन्य अनियमितता पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई,जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली की बार-बार कटौती का लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाए,और बार-बार बिजली कटौती रोकने के लिए कारगर कदम उठाये जाएं,ताकि जनपद के उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न होने पावे।ऐसे उपभोक्ता जिन्होने विद्युत कनेक्शन विगत कई वर्षो से लिए है,किन्तु बिल आज तक नही जमा किये है,चिन्हीकरण किया जाए,और बड़े बकायदारों के साथ ही इनसे भी बिल जमा कराने की कार्यवाही की जाए।लम्बित आर0सी0 के सम्बन्ध में ज्ञात हुआ,कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में माह अक्टूबर,2022 तक कुल 292 बड़े बकायदार उपभोक्ताओं से आर0सी0 वसूली प्रेषित की गई है,तथा 11 बकायेदारों से भी वसूली की गई है।क्षेत्र में विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु टीम बनाकर अबतक कुल 186 उपभोक्ताओं पर कार्यवाही की गई है।इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी डी पी सिंह,अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह,सहायक अभियंता ए0के0 सरोज,उपखण्ड अधिकारी भिनगा नील मिश्रा,उपखण्ड अधिकारी गिलौला शिव कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सस्ते गल्ले की दुकान के लिए ग्राम पंचायत चौरिकोटिया मे की गई खुली बैठक

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- ग्राम पंचायत चोरीकोटिया में सस्ते गल्ले की दुकान के चयन के लिए ग्राम पंचायत मे खुली बैठक बुलाई गई जिसमे सस्ते गल्ले की दुकान के चयन पर विचार आयुक्त खादय एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या 6/2019/1358/29-6-2019-162 सा /200 दिनांक 05/8/2019 एवं शासनादेश संख्या - /2019/1359/29-6-2019-162 सा दिनांक 5-2-2019 क्रम के अनुभाग 6 सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित दर की दुकानों का आवंटन स्वयं सहयता समूहों के दिए जाने के संबंध मे शासन के शाशनदेश संख्या 2/220/775/29-6-220-162 सा /2021 दिनांक 07-07-2020 के क्रम मे एवं ग्राम प्रधान मुस्लिम खान की अध्यक्षता मे बैठक कर साशन के शासनादेश को बैठक मे पढ़कर सुनाया गया बैठक मे तीन स्वय सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा तीन आवेदन प्राप्त किया गया जिनका विवरण निम्न है 1) नवी आजीविका स्वयं सहायता समूह से श्रीमती रुबीना बानो पत्नी फिरोज खान,2 गाजी स्वयं सहायता समूह से सबनम पुत्री अवसान अली,3 )चाँद आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।। इस बैठक में विकासखंड से अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी, कृषि सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता सहायक विकास अधिकारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई एवं उपस्थित गांव के सदस्यों भी मौजूद रहे तथा उपरोक्त आवेदन पत्रों को खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा द्वारा उपायुक्त स्वत: रोजगार जनपद श्रावस्ती को अग्रिम कार्रवाई प्रेषित किया गया।।

# अस्सी घाट पर किन्नर समाज बैठा धरने पर, सुरक्षा और सम्मान की मांग




तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- देर शाम अस्सी घाट पर कुछ समाजसेवी महिलाओं के साथ अस्सी घाट पर किन्नर धरने पर बैठे । धरने पर बैठे किन्नरों ने कहा कि हम अपने सम्मान के लिए आज यह धरना दे रहे है। इनका कहना था कि इनकी सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। किन्नर समाज के लोग और महिलाओं ने कहाकि सुरक्षा और सम्मान सबसे बड़ी समस्या है। हमारे साथ जहां-तहां दुर्व्यवहार किये जाते हैं। उन्होंने बैनर पर लिख था कि महिलाएं व किन्नर समाज में सुरक्षित नही हैं।वही समाजसेवी रूबी भूमिहार ने बताया कि हमारी मांग है हमे सुरक्षित माहौल दे।

# महिलाओं को होना होगा जागरूक,डर कर नही डटकर करे सामना-इंस्पेक्टर श्यामा

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-चन्दौली।अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर कहा कि महिलाओं के हित एवं संरक्षण के लिए देश में कई प्रकार के कानून बनाए गए हैं तथा महिलाओं को विभिन्न विधियों के तहत विधिक अधिकार दिए गए हैं।बावजूद इसके जानकारी के अभाव में महिलाएं उनका लाभ नहीं ले पाती हैं।इसके साथ ही ऐसे बच्चें जिनकी उम्र 5 से 14 वर्ष है और जो शिक्षा से वंचित हैं,उन्हे भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सूची तैयार करने की बात कही।कोई भी व्यक्ति जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से माता-पिता या अन्य रिश्तेदारों या दुल्हन यह दूल्हा के अभिभावक, किसी से भी दहेज की मांग करता है,तो उसे कारावास की सजा हो सकती है।इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालकों के विरूद्ध अधिकार,लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन् अधिनियम,बाल विवाह निषेध अधिनियम,के बारे में महिलाओं को जागरूक होना होगा।

# न्याय पंचायत स्तर पर किया गया बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती हरदत्त नगर गिरन्ट श्रावस्ती कम्पोजीट विद्यालय हरबंशपुर के खेल मैदान मे न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता मे न्याय पंचायत राजापुर पुरैना के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालायों मे अध्ययनरत कक्षा 1से कक्षा 8 तक के विद्यार्थीयों ने प्रतिभाग किया।। इस अवसर पर यार पंचायत के समस्त प्रधान एवं ग्राम पंचायत हरबंशपुर के प्रधान प्रतिनिधि शाकिर बेग उर्फ़ मुन्नू बेग जी ने मुख्य अतिथि के रूप मे इस प्रतियोगिता मे पधार कर समस्त बाल खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## ग्राम चौपाल में शिकायतों का पुलिस अधिकारी कर रहे मौके पर निराकरण, अवैध कार्यो की सूचना देने किया अपील, नशा से दूर रहने की दी हिदायत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर।- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने आमजनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उसका मौके पर निराकरण करने, नशे से होने वाली हानी, महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप एवं हमर बेटी-हमर मान के तहत ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने जन चौपाल लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में गुरूवार, 03 नवम्बर को चौकी तारा, बसदेई, उमेश्वरपुर पुलिस के द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह के द्वारा साप्ताहिक बाजार तारा, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव के द्वारा ग्राम बसदेई एवं चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी के द्वारा ग्राम उमेश्वरपुर में जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों



के द्वारा के द्वारा ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी शिकायत-समस्याएं को सुना और निराकरण किया। ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड के सावधान रहने की समझाईश दी। चौपाल में हमर बेटी-हमर मान के तहत महिलाओं को गुड टच-बैड टच और महिला संबंधी अपराध के संबंध में उनके कानूनी अधिकारों के लिए जागरूक किया गया तो वहीं महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी देत हुए ऐप डाउनलोड कराया गया। अवैध कार्यो की सूचना देने किया अपील, नशा से दूर रहने की दी हिदायत। इन आयोजनों के द्वारा चौकी प्रभारियों ने अवैध कार्यो की सूचना देने की अपील करते हुए ग्रामीणों को नशा से होने वाले हानियों के बारे में बताया और नशा न करने की समझाईश दी, दौरान मौजूद ग्रामीणों ने नशे की इस लड़ाई में पुलिस का भरपूर सहयोग देने की बात कही।

## चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में 23 जंगली हाथियों का एक महीना से डेरा, फसल उत्पात से परेशान हैं किसान, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी कर्मचारी सुस्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रही है। 2दल में करीब 23 जंगली हाथी पिछले एक माह से गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परक्षेत्र के जंगल में जमे हुए हैं। शाम होते ही वे पास के जंगल से बाहर निकल कर धान के खेतों में पहुंच जा रहे है और कोदो कुटकी अरहर झलरा धान की फसल रौंद कर बर्बाद कर रहे है। ग्राम पंचायत कछिया मोहरसोप बसनारा नवडिहा, जुड़वनिया के ग्रामीण क्षेत्र के किसान जंगली हाथियों के उत्पात तथा किये जा रहे नुकासन को लेकर काफी भयभीत है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का घाना जंगल होने के कारण हाथियों को क्षेत्र से खदेड़ने में भी परेशानी हो रही है। हाथियों को खदेड़ने के लिए उद्यान के अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र नदारथ हैं वहीं दूसरी ओर





वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार हाथियों की निगरानी में लगे हुए हैं वही वन विभाग द्वारा जंगली हाथियों द्वारा किए गए फसल नुकसान का आकलन कर क्षतिपूर्ति की कागजी करवाई कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए बताया की गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र से हमेशा गायब रहते हैं किसी प्रकार का जंगली हाथीयों के लिए ग्रामीणों को कोई जागरूक उनके द्वारा नहीं किया जा रहा है वही इसके बारे में जब बिहारपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की जिन किसानों का जंगली हाथी फसल नुकसान किए हैं उन किसानों का कर्मचारीयों द्वारा फसल आकलन कर कागजी करवाई की जा रही है वहीं उद्यान के अधिकारी कर्मचारी द्वारा हाथियों को भगाने में कोई सहयोग नहीं कर रहे और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में दिन में रहते हैं शाम होते ही खेतों में उतर आते हैं*

## रेत के अवैध परिवहनकर्ताओं पर लगाया गया अर्थदण्ड

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला खनिज विभाग अन्तर्गत खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध सतत् जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। जांच के दौरान खनिजों पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी ईंट, रेत आदि का अवैध उत्खनन एवं परिवहन



करते पाए जाने पर ऐसे कार्यों में संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जप्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है तथा अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। माह अक्टूबर 2022 में विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फोर्स द्वारा खनिज रेत, मिट्टी ईंट एवं गिट्टी का अवैध परिवहन में संलग्न 09 वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहनकर्ताओं से अर्थदण्ड के रूप में राशि रूपये 1,73,196 वसूल कर खजाना में दाखिल कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन में संलग्न 04 वाहनों को जप्त किया गया है।

## 3 भालू ने किया एक युवक पर हमला हालत गंभीर

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही -जिले के मरवाही वन मंडल में भालुओं का हमला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक बार फिर भालू के हमले से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला वन परिक्षेत्र के सेमरदर्री ग्राम पंचायत का है जहां बुधवार शाम को भालुओं की मौजूदगी से अनजान धौराठी गांव का लखन सिंह ( 26 ) अपने खेत में लगी फसल की रखवाली कर के घर खाना खाने को जा रहा था। तभी तीन भालू ने युवक पर हमला कर दिया। भालू के हमले से युवक के सिर, हाथ और पैर पर गंभीर चोट आई है। युवक की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने भालूओं को खदेड़ा। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल- 112 को दी गई जिसके पश्चात 112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक की गंभीर अवस्था को देखते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार करते हुए मरवाही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। फिलहाल घटना की जानकारी स्थानीय वन अधिकारियो को दे दी गई है।

## डीएलएमसी की बैठक में अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति (डीएलएमसी) की बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने कृषि और संबद्ध विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में खरीफ वर्ष 2019 में मरवाही विकासखंड के ग्राम झिरनापोंड़ी के किसान को एग्रीकल्चर इंश्योरेंश कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा दावा भुगतान की राशि प्रदाय नही करने की जानकारी पर कलेक्टर ने बीमा कम्पनी के साथ समन्वय कर भुगतान की कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिये। बैठक में उप संचालक कृषि श्री दीपक कुमार नायक, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री पी. आर. अनन्त, सहायक संचालक उद्यान श्री एन. एस. कुशवाहा, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री उत्तर कुमार कौशिक, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री विनय साहू, लीड बैंक अधिकारी श्री सी. टोप्पो, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक बिलासपुर डॉ. एस.पी. सिंह, नाबार्ड से श्री अशोक कुमार साहू, बीमा कम्पनी से श्री मोतीराम खूंटे, श्री रोहित राठौर एवं श्री सत्यनारायण पटेल, कृषक प्रतिनिधि श्री हलधर आयाम और तीनों विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक बाजार ओड़गी में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ओड़गी- आयुष विभाग ओड़गी के द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन साप्ताहिक बाजार ओड़गी में किया गया ।शिविर का उद्?घाटन जनपद उपाध्यक्ष शिवबालक यादव एवं अवधेश गुर्जर के द्वारा किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी के डाक्टरों के द्वारा 422 मरीजो का नि:शुल्क उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया गया ।शिविर का संचालन डाक्टर डी.आर.सी.शुक्ला के द्वारा किया गया ।शिविर में 40 मधुमेह मरीजों जांच किया गया । शिविर में आर.के. पोल, मोतीलाल कुशवाहा, आयुर्वेद सुनील कवंर, उषा किरण, चंद्रवंशी, जयप्रकाश कुजूर, अनिल कुमार मंडावी, राम राजवाड़े, रामधन सिंह, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।